RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : रविवार 21 जनवरी 2024 | वर्ष 05 | अंक 270 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को सात साल की सजा



**मुंबई :** महाराष्ट्र में मुबंई की एक अदालत ने 54 वर्षीय व्यक्ति को एक नाबालिग का दो साल तक यौन उत्पीड़न करने और उसे नग्न तस्वीरें साझा करने के लिए मजबूर करने के आरोप में सात साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने सुनवाई के दौरान आरोपी के तर्क को खारिज करते हुए कहा, ''आरोपी के तर्क विश्वसनीय नहीं पाये गये। वह इसे साबित करने में विफल रहा। इसके अलावा पीड़िता द्वारा आरोपी को इस तरह की नग्न तस्वीरें भेजने के कथित स्वैच्छिक कार्य के संबंध में तथ्य भी स्वीकार्य नहीं है।''

# धारावी वासियों को चाहिए 500 वर्ग फूट का घर

## 4 फरवरी को फिर आंदोलन करने की तैयारी...

मुंबई : धारावी वासियों को अपात्र के नाम पर मुंबई शहर से बाहर करने की चल रही चाल और धारावी वासियों को 500 वर्ग फुट का घर की मांग को लेकर फिर एक बार आंदोलन होगा। स्थानीय रहिवासीयो ने बड़े घर की मांग को लेकर अब बड़ा आंदोलन छेड़ने की धमकी दी है ।



इस आंदोलन में उद्धव ठाकरे और नाना पटोले जैसे नेता शामिल होने वाले है। बता दे की धारावी विकास प्राधिकरण को राज्य सरकार ने मुलुंड में मनपा की 64 एकड़ जमीन देने का निर्देश दिया है। इस भूखंड पर वर्ष 2000 के बाद के रहिवासी को घर देने की योजना है। धारावी के नागरिकों का आरोप है कि धारावी का काया पलट के नाम पर स्थानीय लोगो को बाहर खदेड़ने की चाल चली जा रही है। धारावी विकास प्राधिकरण की ओर से कहा गया है कि वर्ष 2000 के पहले के झोपड़ा धारकों को 350 वर्ग फुट का घर दिया जाएगा। जबकि राहिवासियो को पहले 500 वर्ग फूट का घर देनेकी बात सरकार की ओर से की गई थी। मुंबई कांग्रेस के अध्यक्षा वर्षा गायकवाड ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार ने धारावी विकास प्राधिकरण बनाते समय इसका विकास स्पेशल पैकेज में करने की घोषणा की थी।उन्होंने आरोप लगाया कि धारावी का विकास किया जा रहा है कि अदानी का विकास किया जा रहा है रेलवे की 48 एकड़ जमीन दे दी गई। मुंबई मनपा की 64 एकड़ जमीन देने का अब निर्णय लिया गया लेकिन स्थानीय राहिवासियों को पहले 500 वर्ग फूट का घर देने की घोषणा कर उन्हे 350 वर्ग फूट का घर देने की बात कही जा रही है वह भी वर्ष 2000 के बाद के झोपड़ा धारकों को मुलुंड में घर देने की घोषणा सरकार की ओर से की गई ।धारावी बचाओ आंदोलन समिति के समन्वयक बाबूराव माने ने कहा कि स्थानीय लोगो के साथ सरकार अन्याय कर रही है। एशिया की सबसे बड़ी झोपड़ पट्टी के नाम से मशहूर धारावी को अदानी ग्रुप को पूरी तरह से बेच देने का आरोप लगाया है। धारावी बचाओ आंदोलन की ओर से शुक्रवार को बैठक की गई जिसमे 500 वर्ग फूट का सभी को घर देने की मांग को लेकर 4 फरवरी को आंदोलन करने का निर्णय लिया गया।

## वसई विरार शहर महानगरपालिका क्षेत्र में गहन सफाई अभियान शुभारंभ, सड़कों पर चलाया गया झाड़ू...



**विरार-वसई :** विरार शहर महानगरपालिका क्षेत्र में गहन सफाई अभियान चलाया गया। स्वच्छ भारत अभियान, माझी वसुंधरा और राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) की अवधारणा को मूर्त स्वरूप देने के लिए, महाराष्ट्र सरकार के निदेर्शों के अनुसार, 20 जनवरी 2024 से वसई विरार शहर महानगरपालिका क्षेत्र में एक गहन सफाई अभियान शुभारंभ वार्ड समिति 'ए' बोलिंज क्षेत्र से शुरू किया गया। यह अभियान शनिवार, 20 जनवरी को सुबह 07.00 बजे से ''गोकुल टाउनशिप गेट,पुलिस बीट चौकी के पास,बोलिंज,विरार (पश्चिम)'' पर शुरू किया गया था। गावठण, विराट नगर, बोलिंज नाका से राम मंदिर, बोलिंज नाका से खारोडी गांव, जकात नाका से म्हाडा,जकात नाका से मानसी मल्लिका दुकान, गोकुल टाउनशिप, खारोडी नाला से जकात नाका (पराग मेडिकल), जकात नाका से विवा कॉलेज, मुख्य सड़कें,विजय वल्लभ अस्पताल से न्यू विवा कॉलेज तक,पेट्रोल पंप से कलावती मंदिर से विवा कॉलेज तक उप-सड़कों, फुटपाथों आदि को साफ किया गया और पानी से धोया गया।

# सायन ब्रिज तोड़ने पर फिलहाल लगी रोक

## मुख्यमंत्री शिंदे के साथ बैठक कर कम समय में ब्रिज के निर्माण पर होगी चर्चा...



**मुंबई :** सायन स्टेशन के पास पूर्व से पश्चिम की ओर जोड़ने वाला एक मात्र सायन ब्रिज जिसे शनिवार से तोड़ा जान था जिस पर फिलहाल रोक लग गई है । सांसद राहुल शेवाले ने ब्रिज का निर्माण कम समय लगे इसको लेकर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के साथ बैठक करने का निर्णय लिया गया। सांसद राहुल शेवाले ने शनिवार को ट्रैफिक विभाग और मनपा अधिकारियो के साथ बैठक कर ब्रिज को तोड़े जाने पर रोक लगा दी। शेवाले ने कहा कि ब्रिज को तोड़ने के पहले स्थानीय लोगो से चर्चा करना जरूरी है ।उल्लेखनीय है कि सायन ब्रिज का निर्माण रेलवे करेगी इस ब्रिज को दो साल तक बंद करने का निर्णय लिया गया है। ब्रिज के बंद से कुर्ला बीकेसी इलाको में जाने वाले लोगो को बड़ी परेशानी झेलनी पड़ेगी ।शेवाले ने अंधेरी गोखले ब्रिज का उदाहरण देते हुए कहा कि गोखले ब्रिज का निर्माण 8 महीने में पूरा किया जा रहा है फिर सायन ब्रिज को दो साल के लिए क्यों बंद करना पड़ेगा इसको लेकर सवाल खड़ा किया ।राहुल शेवाले ने सायन ब्रिज का युद्ध स्तर पर निर्माण करने को लेकर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के साथ बैठकर ठोस निर्णय करने का आश्वासन दिया ।शेवाले ने कहा कि ब्रिज के निर्माण में स्थानीय लोगो का विरोध नही है क्योंकि ब्रिज 110 साल पुराना है और जर्जर अवस्था में चला गया है। ब्रिज के निर्माण होने में लगने वाले समय को लेकर सवाल खड़ा किया है ।शनिवार की बैठक के बाद फिल्हाल ब्रिज को तोड़ने का काम कुछ दिनो के लिए टाल दिया गया है ।अब मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के साथ बैठक होने के बाद ही ब्रिज के तोड़े जाने की शुरूआत होगी।

# शेअर ट्रेंडिंग सीखने के चक्कर में गंवा दिए लाखों




**मुंबई :** एक वित्तीय सलाहकार, मनोज सालियान (56), शेयर ट्रेडिंग पर ऑनलाइन कक्षाएं प्राप्त करने की आड़ में 4.5 लाख रुपये की ऑनलाइन धोखाधड़ी का शिकार हो गए। धोखाधड़ी की योजना तब सामने आई जब सालियान ने शेयर निवेश के माध्यम से बढ़े हुए मुनाफे का वादा करने वाले एक इंस्टाग्राम विज्ञापन का जवाब दिया। एआरके चैरिटी एक्टिविटी के रूप में पहचाने जाने वाले आरोपी ने आकर्षक शेयर ट्रेडिंग के बारे में जानकारी देने के लिए सालियान से संपर्क शुरू किया। इसके बाद, सालियान को एक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया, जहां अर्पण चटर्जी और ज्योति मान नाम के व्यक्ति शनिवार और रविवार को छोड़कर, साप्ताहिक एक घंटे की कक्षाएं लेते थे। इन सत्रों के दौरान, धोखेबाजों ने एआरके निवेश ऐप का एक लिंक दिया, और सालियान से इसे डाउनलोड करने और अपने निवेश के लिए इसका उपयोग करने का आग्रह किया। उनके बताने पर भरोसा करते हुए, सालियान ने पांच लेनदेन में 4.5 लाख रुपये का निवेश किया, जिससे ऐप पर कथित मुनाफा हुआ। हालाँकि, जब उन्होंने धनराशि निकालने का प्रयास किया, तो उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

चटर्जी और मान से पूछताछ करने पर सालियान को 5 लाख रुपये अतिरिक्त निवेश करने के लिए मजबूर किया गया। इस मांग को पूरा करने में असमर्थ होने पर उन्हें अकाउंट ब्लॉक करने की धमकी दी गई। जैसे ही सलियन ने अपना प्रारंभिक निवेश वापस लेने के लिए कहा, एआरके निवेश ऐप अचानक बंद हो गया। तभी उन्हें पता चला कि उसके साथ धोखा हुआ है, सालियान ने घटना की सूचना गामदेवी पुलिस को दी। मामले में एक एफआईआर दर्ज कर ली गई है और इस धोखाधड़ी करनेकाले ऑनलाइन निवेश योजना के पीछे के अपराधियों को पकड़ने के लिए जांच चल रही है।

## मुंबई की महिला डाक्टर से फेसबुक पर दोस्ती कर दुष्कर्म करने वाला आदिल गिरफ्तार



**मुंबई :** मुंबई निवासी एक महिला डाक्टर से फेसबुक पर दोस्ती कर शादी का झांसा देकर कई बार दुष्कर्म किया, जिसमें दो बार गर्भवती भी हुई। शादी की बात आई तो पीड़िता को आरोपित ने भगा दिया। एक वर्ष से थाने का चक्कर लगाने के बाद जिले की पुलिस ने एक जनवरी को प्रकरण दर्ज किया। आरोपित को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया है। मुंबई निवासी महिला चिकित्सक से जिले के नागदा जंक्शन के पाल्यारोड निवासी आदिल पुत्र रफीक खान ने फेसबुक पर दोस्ती की। इसके चलते महिला को आरोपित ने नागदा बुलाया। शादी का झांसा देकर कन्याशाला चौराहे स्थित राज पैलेस में रुकवाकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। लगातार संबंध चलते रहे, इसके चलते दो बार महिला ने गर्भपात करवाया।




# संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

## चुनाव के द्वार पर

शिमला की शान से उतर कर अब 'सरकार गांव के द्वार'पहुंच रही है। मुख्यमंत्री समेत उनके मंत्रियों ने एक तरह का धावा बोल दिया, तो समस्याएं जनता के पसीने पे उभर आईं। वे पलकें जो इंतजार के थकान से कमजोर हो गईं, उनमें भी आशा की जवानी आ गई। कितना आसान है जनता को समझना या समझाना और सरकार को भी जनता के दम पर चुनाव जीत जाना। माहौल की तल्खियों में विरासत सी सियासत, वही खिड़कियां जो पहले पूर्व में खुलती थीं, दक्षिण में डूबते सूरज का इंतजार कर रही हैं। जाहिर है इस दौरान सरकार को अपने रिपोर्ट कार्ड, गारंटियों की धार और प्रशासन के सार पर चुनाव जीतना है, तो सामने विपक्ष की मांसपेशियों पर चढ़ा मालिश का तेल बता रहा है कि तैयारी में किस तरह का जोश भरा है। फिलहाल यहां राम भगवान शांत हैं, राम मंदिर का उल्लास सुस्त है, लेकिन भाजपा की राष्ट्रीय उड़ान के चलते हिमाचल की घाटियों में चोटियों सा उछाल है। बेशक चार सीटों के हिमाचल में काम लायक वोट भी काफी हैं, लेकिन सरहदें हर विधानसभा क्षेत्र की तहों में सरकार से फासले और सत्ता के आसरे पर टिकी हैं। सुक्खू सरकार दरअसल आसरे बांटती-बांटती चुनाव तक पहुंच गई है। सुखाश्रय जैसी अद्भुत योजनाएं मानवता के प्रति ऋण चुकाने की इबादत हैं, लेकिन चुनाव एक ऐसी दरगाह है जहां दफन होने की वजह नहीं मिलती। सरकार ने दिशा परिवर्तन के नारे को परिष्कृत किया, तो जाहिर है कुछ फैसले बुलंदी बन गए। राजस्व अदालतों के जरिए इंतकाल के 65 हजार मामलों का निपटारा सरकार की दृष्टि का नजारा बदल देता है, लेकिन ऐसे चमत्कार से अगर अदालती पेंच सुधर जाएं, तो क्रांति आ जाएगी। पिछली सरकार ने कोविड से संघर्ष किया, इस बार प्राकृतिक आपदा पल्ले पड़ी तो सुक्खू सरकार बिना किसी केंद्रीय मदद के सतत प्रयास करती दिखी।

आपदा प्रभावितों के लिए सुक्खू सरकार का मानवीय पक्ष कई जंजीरों को तोड़ कर सामने आया, तो कडक फैसलों की नसीहत में अधीनस्थ सेवा चयन आयोग का जहाज भी टूटा। ऐसे में जिस डबल इंजन सरकार के खिलाफ हिमाचली जनता ने पिछले विधानसभा चुनाव में अपना ऐलान बदल दिया था, क्या अब वह भाजपा की चिकनी चुपड़ी बातों में आ जाएगी। यह इसलिए कि हिमाचल की आपदा ने लगभग बारह हजार करोड़ डुबोए और विकास के हाथी खदेड़ दिए, लेकिन केंद्र का दिल नहीं पसीजा। कल जो प्रधानमंत्री हिमाचली रिश्तों की दुहाई पर हमारे सपनों की दूब पर चलते हुए यहां पहुंच जाते थे, उनके लिए अब ब्यास-सतलुज जैसी नदियों का तांडव, छोटी काशी का चारों तरफ से जल प्लावित होना या दर्जनों गांवों का अस्तित्व मिट जाना, मामूली बात हो गई। मामूली बात इसलिए कि देश की राजनीति में मामूली ही तो है हिमाचल। यह दीगर है कि कांग्रेस की उड़ान में हिमाचल का भी नाम हुआ, लेकिन यह सिर्फ एक परंपरा से आगे शायद ही कोई व्यक्तिगत उपलब्धि रहा। बेशक भाजपा मानती है कि कांग्रेस की गारंटियों ने उससे बनी बनाई सत्ता छीन ली, लेकिन यह भी सौ फीसदी ठीक नहीं, क्योंकि उसकी सरकार ने भी तो बिना मांगे 150 यूनिट मुफ्त बिजली तथा महिला यात्रियों को एचआरटीसी का सफर पचास फीसदी दर पर मुकर्रर कर दिया था। अब फिर चुनाव के मैदान में हिमाचल उतर रहा है, तो हम हकीकतों के दर्पण से दूर कहीं आश्वासनों के संसार में रहेंगे।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# आदित्य ठाकरे ने श्रीकांत शिंदे के आधिकारिक नीदरलैंड दौरे पर उठाए सवाल, पूछा- कौन उठा रहा खर्चा

**मुंबई:** उद्धव गुट की शिवसेना के नेता आदित्य ठाकरे ने सांसद श्रीकांत शिंदे के नीदरलैंड के आधिकारिक दौरे पर सवाल खड़े किए हैं। शुक्रवार को बिना नाम लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए उन्होंने कहा कि बागियों का एक सांसद कल्याण डोंबिवली और ठाणे के नागरिक आयुक्तों और मुंबई मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र विकास प्राधिकरण(एमएमआरडीए) के अतिरिक्त आयुक्त के साथ नीदरलैंड गया है।



### क्या विदेश मंत्रालय ने दी मंजूरी- आदित्य ठाकरे

आदित्य ठाकरे ने कहा कि क्या विदेश मंत्रालय ने इस दौरे के लिए मंजूरी दे दी है। साथ ही कहा कि इस यात्रा के लिए किसने भुगतान किया है, महाराष्ट्र सरकार या नीदरलैंड सरकार ने। गौरतलब है कि श्रीकांत शिंदे महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बेटे हैं। वह कल्याण लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं।

### आदित्य ठाकरे का श्रीकांत शिंदे के नीदरलैंड दौरे पर सवाल

उद्धव गुट की शिवसेना के नेता ने कड़े सवाल खड़े करते हुए कहा कि महाराष्ट्र सरकार ने कब से सांसदों को शहरी विकास विभाग के लिए प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने की अनुमति देना शुरू कर दिया है। आदित्य ठाकरे ने गंभीर सवाल खड़े करते हुए कहा कि मैं यह पूछना चाहता हूं कि क्या इस प्रतिनिधिनमंडल का नेतृत्व इसलिए किया जा रहा है क्योंकि वह संबंधित विभाग के मंत्री के बेटा है या इसलिए कि वह एक सांसद हैं।

### महाराष्ट्र के भक्तों को भाजपा कराएगी अयोध्या में दर्शन...

तमाम राजनीतिक बयानबाजी के बीच भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने महाराष्ट्र को राममय बनाने की तैयारी शुरू की है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद प्रदेश भाजपा ने अयोध्या दर्शन अभियान चलाने की योजना बनाई है। इस अभियान का प्रमुख संजय उपाध्याय को बनाया गया है। वहीं, मुंबई भाजपा सचिव प्रमोद मिश्र को रामलला के दर्शन का प्रमुख बनाया गया है, जो मुंबई के भक्तों को अयोध्या में भगवान राम के दर्शन सुलभ कराएंगे।

# धुले में ट्रक के चालान का ट्रांसपोर्टरों ने किया विरोध



**मुंबई:** महाराष्ट्र के धुले में ट्रक के चालान कटने को लेकर शुक्रवार को ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बैठक की। उन्होंने मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर महाराष्ट्र प्रशासन को एक नोटिस भी भेजा। एसोसिएशन ने कहा कि यदि उत्तराखंड के वाहन नंबर का प्लेट लगाकर महाराष्ट्र में संचालित किया जा रहा है तो इसे विभाग को हल्के में नहीं लेना चाहिए। ट्रांसपोर्टरों ने आक्रोश जताया। उन्होंने कहा कि आए दिन इस तरह का मामला सामने आता है और ट्रांसपोर्टर बड़ा जुमार्ना भरने से बचने के लिए तत्काल फर्जी तरीके से कटे चालान को जमा कर देता है। ट्रांसपोर्टर सुनील सिंह ने कहा कि यदि महाराष्ट्र के धुले प्रशासन के एसडीएम/एआरटीओ की ओर से उनकी नोटिस पर कार्रवाई नहीं की गई तो वह जल्द ही पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराएंगे। उन्होंने कहा कि जिस वाहन को उत्तराखंड के अलावा राजस्थान, हरियाणा का परमिट मिला है वह महाराष्ट्र में कैसे जा सकता है।

मामले को गंभीरता से लेने और ऑनलाइन चालान की प्रक्रिया पर निगरानी करने की भी मांग की। इस दौरान निर्मल ठाकुर, लज्जे शर्मा आदि ने एआरटीओ पंकज श्रीवास्तव से मिले और अपनी समस्या रखी। एआरटीओ ने उन्हें आश्वस्त किया कि लिखित तौर पर शिकायती पत्र दें। इसे वह महाराष्ट्र एआरटीओ प्रशासन को भेजकर तत्काल अवगत कराएंगे।

# पीएम ने 90,000 से अधिक घरों को भी लाभार्थियों को समर्पित...



**मुंबई:** पीएम ने महाराष्ट्र में करीब 2,000 करोड़ रुपये की आठ अमृत परियोजनाओं की आधारशिला रखी। साथ ही महाराष्ट्र में पीएम आवास योजना-शहरी के तहत बने 90,000 से अधिक घरों को भी लाभार्थियों को समर्पित किया। इस दौरान पीएम कुछ पल के लिए भावुक भी हो गए। उन्होंने रूंधे गले से कहा कि काश! उन्हें युवा अवस्था में ऐसे घरों में रहने का अवसर मिला होता। उन्होंने कहा, 'खुशी तब मिलती है जब लोगों के सपने सच होते हैं। उनका आशीर्वाद मेरी सबसे बड़ी पूंजी है।' पीएम ने कहा, हमने महिलाओं के लिए मोदी की 'इज्जत की गारंटी' वाले 10 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण किया है और अब तक चार करोड़ से ज्यादा पक्के घर उपलब्ध कराए। गरीबों का कल्याण और श्रमिकों की गरिमा पर सरकार का ध्यान है। उन्होंने लोगों से बड़े सपने देखने की अपील करते हुए कहा कि भारत को 'आत्मनिर्भर'बनाना विकसित भारत के लिए महत्वपूर्ण है। आपका सपना मेरा संकल्प है और यह मोदी की गारंटी है। पीएम ने अहमदाबाद और सोलापुर के बीच करीबी संबंधों का भी जिक्र किया। कहा, मैंने सोलापुर से आने वाले और अहमदाबाद में रहने वाले पद्मशाली समुदाय के लोगों के साथ भोजन भी किया है। जो जैकिट मैंने पहनी है, उसे मुझे सोलापुर के एक दोस्त ने भेजा है।

# बीजेपी नेताओं की सुपारी देकर हत्या कराने का षडयंत्र



**उल्हासनगर:** उल्हासनगर में इन दिनों भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के नेताओं को डर सता रहा है कि उनकी सुपारी देकर कोई हत्या कराने का षडयंत्र रच रहा है। जिला अध्यक्ष ने पुलिस उपायुक्त को पत्र दिया है, जिसमें अपनी ही पार्टी के तीन नेताओं पर गोली चलाए जाने की बात लिखी है। इस मामले में उनका नाम आएगा। जिन लोगों ने सुपारी दी है, उनकी नारकोटिक्स जांच कराई जाए। बीजेपी जिला अध्यक्ष प्रदीप रामचंदानी ने पुलिस को लिखे पत्र में सूचित किया है कि यह सुपारी 25 लाख रुपये में दी गई है और उन्हें फंसाने का षडयंत्र रचा गया है। उल्हासनगर की राजनीति में हलचल मची हुई है। बीजेपी जिला अध्यक्ष प्रदीप रामचंदानी का एक पत्र वायरल हुआ है, जिसमें उन्होंने दावा किया है कि कुछ लोग उन्हें फंसाना चाहते हैं। उन्हें फंसाने के लिए बीजेपी के पूर्व जिला अध्यक्ष जमनू पुरस्वाणी, महाराष्ट्र सिंधी साहित्य के कार्याध्यक्ष महेश सुखरमणि और बीजेपी के नेता अमित वाधवा पर गोली चलाई जाएगी। इस बारे में उन्होंने उल्हासनगर के उपायुक्त सुधाकर पठारे को पत्र लिखा है। इस मामले में जब पठारे से बात की गई, तो उनका कहना था कि एक पत्र मिला है, इस बारे में जांच चल रही है। जल्द ही खुलासा होगा।



# बाला साहेब ठाकरे ने जिन लोगों की जान बचाई थी आज वही हमारी पार्टी को खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं - उद्धव ठाकरे

**मुंबई:** शिवसेना यूबीटी के चीफ उद्धव ठाकरे ने शुक्रवार को कहा कि जिन्हें अतीत में कभी शिवसेना ने बचाया था वे आज वे शिवसेना को समाप्त करने की कोशिश कर रहे हैं. उद्धव ठाकरे ने कहा कि कई लोग अपनी जान बचाने के लिए उनके पिता बाला साहेब ठाकरे से मिलने उनके मातोश्री आवास पर आए थे. उस वक्त बाला साहेब ठाकरे ने नहीं सोचा था कि भविष्य में क्या होगा और उनकी जान बचाई.

उद्धव ठाकरे ने आगे कहा, ''जिन्हें बाला साहेब ठाकरे और शिवसेना ने बचाया, वे इसे खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं. ऐसा करने की कोशिश कर रहे हैं. उन्होंने हमें अपना दुश्मन बना लिया है. ''वहीं, उद्धव की पार्टी ने दावा किया कि



बीजेपी, विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के पदाधिकारी शिवसेना-यूबीटी ज्वाइन किया है.

उद्धव ठाकरे ने कहा कि यह शिवसेना और शिवसैनिक थे जिन्होंने 1992-93 के दंगे में मुंबई को बचाया. उन्होंने कहा कि शिवसेना संस्थापक बाल ठाकरे ने आ''न किया था कि 'गर्व से कहो कि हम हिंदू हैं'तब जब लोग खुद को हिंदू कहने से डरते थे. उस वक्त बालासाहेब ने बीजेपी नेता प्रमोद महाजन से कहा था कि हिंदू, हिंदू के रूप में वोट करेगा. ठाकरे ने कहा कि अब वो दिन आ गया. राम जन्मभूमि आंदोलन के संदर्भ में उद्धव ठाकरे ने कहा कि जिन्होंने संघर्ष किया वे कोई और थे, जिनको फायदा मिल रहा है कि वे कोई और हैं. उनका संघर्ष से कोई लेना नहीं है. वे पकी-पकाई रोटी खा रहे हैं लेकिन जिन्होंने इस रोटी को बनाने में प्रयास किया, दुर्भाग्यवश हमारे साथ नहीं है या वे साइडलाइन कर दिए गए हैं.

# बीजेपी की हार करीब है इसलिए मोदी बार-बार कर रहे महाराष्ट्र का दौरा

**मुंबई:** कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के प्रमुख नाना पटोले ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार राज्य का दौरा कर रहे हैं क्योंकि आगामी चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) की हार करीब है. पीएम मोदी दिन में सोलापुर में थे और उन्होंने 'पीएम आवास योजना'के तहत निर्मित 90,000 घरों को लाभार्थियों को समर्पित किया. उन्होंने रेहड़ी-पटरी वालों के लिए सूक्ष्म ऋण सुविधा 'पीएम-स्वनिधि'के 10,000 लाभार्थियों को पहली और दूसरी किस्त के वितरण की भी शुरूआत की. उन्होंने लगभग 2,000 करोड़ रुपये की लागत वाली आठ 'अटल कायाकल्प और शहरी परिवर्तन मिशन'(अमृत) परियोजनाओं की आधारशिला रखी. प्रधानमंत्री ने सोलापुर में रायनगर हाउसिंग सोसाइटी के 15,000 घरों को लोगों को समर्पित किया जिनके लाभार्थियों में हजारों हथकरघा श्रमिक, विक्रेता, पावरलूम श्रमिक, कचरा बीनने वाले, बीड़ी श्रमिक और चालक शामिल हैं.

पटोले ने दावा किया कि, महाराष्ट्र लोकतंत्र और संविधान में विश्वास करने वालों के साथ मजबूती से खड़ा है. महाराष्ट्र में बीजेपी की हार निकट है और यही कारण है कि प्रधानमंत्री मोदी बार-बार प्रचार करने के लिए राज्य में आ रहे हैं. पीएम मोदी ने 12 जनवरी को नासिक और नवी मुंबई का दौरा किया था. यात्रा के दौरान उन्होंने राष्ट्रीय युवा महोत्सव के साथ-साथ देश के सबसे लंबे समुद्री पुल अटल सेतु सहित 30,500 करोड़ रुपये से अधिक की



परियोजनाओं का उद्घाटन किया था. नाना पटोले ने यह भी दावा किया कि सोलापुर में रायनगर हाउसिंग सोसाइटी योजना की घोषणा मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार ने की थी और आरोप लगाया कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार को इसे पूरा करने में 10 साल लग गए. पटोले ने कहा, 'चाबियां देना ही मोदी की एकमात्र गारंटी है. वह प्रधानमंत्री कम और (चुनाव) अभियान प्रमुख अधिक हैं.'

अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भाग लेने के निमंत्रण को अपने शीर्ष नेताओं द्वारा अस्वीकार किए जाने के बाद कांग्रेस की हो रही आलोचना पर पटोले ने कहा कि यह तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी थे जिन्होंने (विवादित) स्थल के दरवाजे खोले थे और दर्शन की अनुमति दी थी. पटोले ने दावा किया कि राजीव गांधी ने राम मंदिर मुद्दे को सुलझाने की कोशिश की लेकिन बीजेपी ने उस समय उनके प्रस्ताव का विरोध किया.


# ठाणे कोर्ट ने राहुल गांधी पर लगाया 500 रुपये का जुमार्ना



**ठाणे :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी पर महाराष्ट्र के ठाणे जिले की अदालत ने 500 रुपये का जुमार्ना लगाया है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक के कार्यकर्ताओं ने उनके खिलाफ मामला दर्ज कराया था। कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा पत्रकार गौरी लंकेश की हत्या में संघ का नाम जोड़ने से आरएसएस कार्यकर्ता ने राहुल के खिलाफ नागरिक मानहानि का मामला दर्ज कराया था। संघ कार्यकर्ता विवेक चंपानेरकर की ओर से दायर मानहानि के मामले में राहुल गांधी से एक रुपये की मांग हजार्नें के रूप में की गई है।इसी मामले में राहुल की तरफ से लिखित बयान दर्ज कराने में देरी को लेकर ठाणे कोर्ट ने गांधी पर यह जुमार्ना लगाया है।

कांगेस नेता राहुल गांधी के वकील नारायण अय्यर ने राहुल की तरफ से लिखित बयान दर्ज कराने में देरी का कारण बताते कोर्ट में एक माफीनामा दायर किया था। अय्यर ने कोर्ट के समक्ष राहुल गांधी के दिल्ली में रहने और एक राजनेता होने के कारण उनकी व्यस्तता का तर्क दिया था । ठाणे कोर्ट ने राहुल गांधी के माफीनामे को तो स्वीकार कर लिया। लेकिन बयान दर्ज कराने में देरी करने को लेकर राहुल पर 500 रुपये का जुमार्ना लगा दिया।कोर्ट ने अब अगली सुनवाई के लिए 15 फरवरी 2024 का दिन निर्धारित किया है।


# वकोला इलाके में गन पॉइंट पर घर में घुसकर लुटपाट



**मुंबई :** वाकोला पुलिस ने गन पॉइंट पर घर में घुसकर लुटपाट की घटनाओं को अंजाम देनेवाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि तीसरा आरोपी फरार है। घटना वकोला इलाके की ही है जब शिकायतकर्ता अपने घर में थे, तभी तीन लोग जिसमें से एक उन्हें पहचानता था, शिकायतकर्ता के घर में घुसे और पिस्तौल दिखाकर 31 लाख रुपये का सोना लेकर भाग गए। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक शिकायतकर्ता की वकोला इलाके में एक आभूषण की दुकान है। उनकी पहचान गोपनीय रखी गई है। तीनों आरोपियों में से एक दंपति से अच्छी तरह परिचित था। शुक्रवार सुबह दंपती के परिचित ने उनका दरवाजा खटखटाया। उन्होंने बिना किसी संदेह के उसे अंदर जाने दिया। वह अपने दो अन्य साथियों को भी साथ लाया था। परिचित दंपत्ति से छोटी-मोटी बातें करने लगा। अचानक एक आरोपी ने पिस्तौल निकाल ली। दंपति के साथ मारपीट की गई और उनकी खुली अलमारी में तोड़फोड़ की गई। पुलिस ने कहा कि गिरोह ने खुली पड़ी अलमारी से आधा किलो सोने के आभूषण लूट लिए और बैग में भर लिए। इसके बाद आरोपी भाग गए, घटना में दंपति को मामूली चोटें आई हैं। उन्होंने जल्द से जल्द वकोला पुलिस से संपर्क किया और शिकायत दर्ज कराई। चूंकि एक आरोपी उनसे परिचित था, इसलिए वे पुलिस को उसके बारे में विस्तृत जानकारी दे सके। जिसके बाद जांच के लिए टीमें बनाई गईं और आरोपी मुंबई से बाहर जाता इससे पहले ही दो लोगों को पकड़ लिया गया।

# मर्सिडीज कार से चुराया था 10 लाख रुपये का कीमती सामान... बांद्रा से गिरफ्तार...

**मुंबई :** खार पुलिस ने इस हफ्ते कुख्यात टकटक गैंग के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस न केवल 13 जनवरी को मर्सिडीज कार से चुराया गया 10 लाख रुपये का कीमती सामान बरामद किया, बल्कि तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली में उनके घर से 5 लाख रुपये का अतिरिक्त चोरी हुआ सामान भी बरामद किया है। स्टील कारोबारी आदित्य रसिवारिया की ओर से दर्ज कराई गई शिकायत के मुताबिक, वह अपने ड्राइवर गोविंद कुमार कांति के साथ खार गए थे। शाम करीब 6.30 बजे वर्ली निवासी कांति का फोन आया और उसने पूछा कि क्या वह अपना बैग अपने साथ ले गया है। बाद में उन्हें एहसास हुआ कि बैग में 10.15 लाख रुपये का कीमती सामान था, जिसमें 8 लाख रुपये की सोने की घड़ी, आईपैड, मोंट ब्लांक पेन और 40,000 रुपये के चश्मे की एक जोड़ी चोरी हो गई थी। पुलिस को चोरी की सूचना मिलने के ठीक दो घंटे बाद, 27 वर्षीय गुणशेखर उमानाथ, 42 वर्षीय गोपाल चन्द्रशेखर और 34 वर्षीय विजयन



सुकुमार को पकड़ लिया।

शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि कांति ने उन्हें बताया कि जब वह कार को लॉक करने के बाद उसके पास खड़े थे, तो एक व्यक्ति उनके पास आया और उनसे कार हटाने के लिए कहा। जब उन्होंने कार को अनलॉक किया, तो उस व्यक्ति ने पूछा कि क्या उन्होंने उस स्थान पर कुछ नकदी गिराए हैं, जहां वह खड़े थे। जब वह घटनास्थल की जांच कर रहे थे, तभी किसी ने कार की पिछली सीट पर रखे बैग पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने कहा कि तीनों ने शनिवार को उसी स्थान से एक अन्य कार की खिड़की तोड़कर 50,000 रुपये का लैपटॉप भी चुरा लिया था। खार पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि दोनों की गतिविधियों पर नजर रखने के बाद, पुलिस ने उन्हें बांद्रा टर्मिनस से पकड़ लिया, जहाँ से उन्होंने तमिलनाडु में अपने गृहनगर वापस जाने के लिए ट्रेन पकड़ने की योजना बनाई थी। यह गिरोह के काम करने के तरीके का एक हिस्सा है। वे या तो खिड़कियां तोड़कर या व्यक्ति का ध्यान भटकाकर कारों की पिछली सीट से चीजें चुरा लेते हैं। कभी-कभार एक बड़ी यात्रा के बाद, वे अपने गृहनगर वापस चले जाते हैं। वहां चोरी किया गया सारा सामान बाद में बेच दिया करते थे। अधिकारी ने यह भी कहा कि तीनों को पकड़ने के बाद, उन्हें हिरासत में ले लिया गया और उनके साथ तिरुचिरापल्ली में उनके घर का दौरा किया गया। वहां से उन्हें लैपटॉप और महंगे फोन समेत कई और इलेक्ट्रॉनिक समान बरामद किये हैं। अधिकारी ने कहा की उन्होंने वहां से तीन और आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। उन्होंने कहा कि वे कुछ इलेक्ट्रॉनिक सामानों के मालिकों का भी पता लगाने में सफल हुए हैं।




# मुंबई के इंट्री पाइंट्स से हो सकता है टोल खत्म!

## चुनाव से पहले मुख्यमंत्री शिंदे ले सकते हैं फैसला

**मुंबई:** मुंबई के एंट्री पॉइंट्स पर लगने वाला टोल मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे खत्म कर सकते हैं। उन्होंने आदेश दिया है कि सितंबर, 2027 में खत्म होने वाले टोल को इस साल अगस्त से पहले खत्म किया जाए। इसके लिए जुर्माने के साथ कितनी रकम टोल वसूल करने वाली कंपनी को देनी पड़ेगी, उसकी विस्तृत रिपोर्ट जल्द पेश की जाए। मुख्यमंत्री कार्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि सीएम इंट्री पाइंट से टोल खत्म करने के लिए पूरी तरह से सकारात्मक हैं। मुंबई के एंट्री पॉइंट्स पर टोल से लोग परेशान हैं। इसे खत्म करने के लिए तत्कालीन मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कोशिश की थी, लेकिन वह हिम्मत नहीं दिखा सके। अब मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे इसके लिए तैयार हैं। शिंदे का मानना है कि मुंबई आर्थिक राजधानी है, वहां पर आने के लिए टोल क्यों देना चाहिए। प्रवेश द्वार से टोल खत्म होना चाहिए।

**टोल बनेगा चुनावी मुद्दा**

टोल वसूली का मुद्दा चुनाव में छाया रह सकता है। राज ठाकरे पहले ही इसे लेकर आक्रामक रुख अपना चुके हैं। कांग्रेस, उद्धव सेना, शरद पवार की एनसीपी सहित दूसरे छोटे दल भी इस मुद्दे को उठा चुके हैं। इससे पहले ही मुख्यमंत्री शिंदे इसे खत्म कर श्रेय लेना चाहते हैं। विपक्ष में रहते हुए बीजेपी ने इस मुद्दे को उठाया था, लेकिन सत्ता में आने के बाद प्रवेश द्वार का टोल खत्म नहीं किया। राज्य में जब 1995 में शिवसेना-बीजेपी की सरकार बनी थी, तब मुंबई के अलग-अलग हिस्सों में 55 फ्लाइओवर बनाए गए थे, जिस पर 1259.38 करोड़ रुपये खर्च हुए थे। इस रकम की वसूली के लिए राज्य सरकार ने मुंबई के सभी पांचों प्रवेश द्वार पर एक अक्टूबर, 2002 से टोल लगा दिया था। बताया गया कि 30 सितंबर, 2027 तक यानी 25 साल तक टोल वसूलने का निर्णय लिया है।



## राकांपा विधायकों की अयोग्यता की सुनवाई 23 जनवरी से

**मुंबई :** विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर राकांपा (अजित पवार गुट) के विधायकों को अयोग्य ठहराये जाने संबंधी याचिकाओं पर 23 जनवरी से सुनवाई शुरू करेंगे। पिछले साल जुलाई में अजित पवार और पार्टी के आठ विधायकों के एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली राज्य सरकार में शामिल होने के बाद राकांपा विभाजित हो गई थी, तब से दोनों गुटों ने पार्टी के नाम और प्रतीक पर दावा किया है तथा अध्यक्ष नार्वेकर से याचिका दायर कर विपरीत पक्ष के प्रति निष्ठा रखने वाले विधायकों को अयोग्य ठहराये जाने का अनुरोध किया है।

राकांपा (शरद पवार गुट) की महाराष्ट्र इकाई के प्रमुख जयंत पाटिल ने कहा कि वह शनिवार को यहां राज्य विधानमंडल परिसर में इस उम्मीद के साथ आए थे कि उनका बयान दर्ज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अजित पवार गुट ने हमारे हलफनामे का अध्ययन करने के लिए और मोहलत मांग ली तथा अध्यक्ष ने उन्हें समय दे भी दिया है। सुनवाई 23 जनवरी से शुरू होगी। पाटिल ने आरोप लगाया कि हमारे कुछ सहयोगियों को सरकार में शामिल हुए अब छह महीने हो गए हैं।

# किन्नरों के लिए जेल में अलग होगा बैरक

## महाराष्ट्र सरकार ने मंजूर किए 3.45 करोड़

**मुंबई:** महाराष्ट्र सरकार ने शुक्रवार को नागपुर सेंट्रल जेल में किन्नरों के लिए अलग बैरक बनाने के लिए 3.45 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। अडिशनल डीजी (जेल) अमिताभ गुप्ता ने बातचीत में यह जानकारी दी। उन्होंने माना कि नागपुर जेल महाराष्ट्र की पहली जेल होगी, जहां ऐसी स्वतंत्र बैरक बनाई जाएगी। धीरे-धीरे महाराष्ट्र की अन्य जेलों में भी यह सुविधा शुरू होगी। महाराष्ट्र में करीब 60 जेलें हैं।

एक वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी ने एक महत्वपूर्ण जानकारी यह दी कि सुप्रीम कोर्ट ने कुछ समय पहले किन्नरों के लिए स्वतंत्र बैरक के संबंध में एक फैसला दिया था। इसलिए, सभी राज्यों को सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर पालन करना पड़ेगा। पता चला है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद केंद्र सरकार ने भी कई राज्य सरकारों को किन्नरों के लिए अलग बैरक के संबंध में निर्देश दिया था। केंद्र सरकार के पत्र और सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आधार पर महाराष्ट्र



सरकार को प्रस्ताव भेजा गया था। उसी के बाद महाराष्ट्र सरकार के गृह विभाग ने अंततः 3.45 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से नागपुर सेंट्रल जेल में किन्नरों के लिए एक स्वतंत्र बैरक के निर्माण को मंजूरी दी है।

**यौन उत्पीड़न का बना रहता है डर**

तीन साल पहले नागपुर सेंट्रल जेल में एक किन्नर ने बलात्कार का आरोप लगाया था। एक अधिकारी ने माना कि आमतौर पर किन्नरों को लेकर जेलों में यौन उत्पीड़न का खतरा अधिक होता है। पूरे देश में और महाराष्ट्र में कितने किन्नर जेल में बंद हैं, इसका पक्का आंकड़ा सार्वजनिक नहीं हुआ है।

# मुंबई के मलाड इलाके में 22 मंजिला इमारत में लगी भीषण आग...



**मुंबई :** मुंबई के मलाड इलाके में शनिवार दोपहर एक 22 मंजिला इमारत में आग लग गई। अधिकारियों ने बताया कि घटना में किसी के हताहत होने या घायल होने की सूचना नहीं है। आग लगने की सूचना मिलते ही पांच दमकल गाड़ियों की एक टीम को मौके पर भेजा गया और आग पर काबू पाने का अभियान शुरू किया गया। दमकल की गाड़ियां हालात पर काबू पाने की कोशिश कर रही हैं। अधिकारियों के मुताबिक, स्लम पुनर्वास प्राधिकरण (रफ्ब) की इमारत मलाड के कुरार गांव इलाके में स्थित है।

**पहले भी हुई ऐसी दुर्घटना**

गौरतलब है कि मुंबई के डोंबिवली में शनिवार को एक ऊंची इमारत में भीषण आग लग गई। इसके बाद आग पर काबू पाने के लिए दमकल की कई गाड़ियां मौके पर भेजी गईं थीं। इसमें किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। फायर ब्रिगेड ने कथित तौर पर कहा कि आग शनिवार सुबह शुरू हुई और 18वीं मंजिल तक फैल गई। बता दें कि इमारत निर्माणाधीन है और केवल पहली तीन मंजिलों पर ही लोग रहते हैं। हालांकि, सभी निवासियों को सुरक्षित निकाल लिया गया। फायर ब्रिगेड के एक अधिकारी ने यह भी कहा कि भीषण आग फ्लैटों के डक्ट क्षेत्र में लगी जहां हर एक मंजिल पर फाइबर शीट लगाई गई थीं।

## आरे में अंडरग्राउंड कारशेड 95 पर्सेंट रेडी

# मुंबई की पहली अंडरग्राउंड मेट्रो कब दौड़ेगी?

**मुंबई :** मुंबई की पहली अंडरग्राउंड मेट्रो के कोच के रख-रखाव के लिए आरे में कारशेड निर्माण का काम अंतिम चरण में है। मुंबई मेट्रो रेल कॉपोरेशन (एमएमआरसी) ने कारशेड का 95 पर्सेंट काम पूरा कर लिया है। ऐसे में, मेट्रो-3 कॉरिडोर के पहले फेज पर अप्रैल तक सेवा शुरू होने की उम्मीद बढ़ गई है। एमएमआरसी ने पिछले साल दिसंबर 2023 तक आरे से बीकेसी के बीच मेट्रो सेवा शुरू करने की घोषणा की थी। लेकिन ट्रायल रन और कारशेड तैयार नहीं होने से डेडलाइन आगे खिसक गई और अब अप्रैल, 2024 नई डेडलाइन तय हुई है।

एमएमआरसी की एमडी अश्विनी भिडे ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आरे में कारशेड के निर्माण कार्य का जायजा लिया। एमएमआरसी के मुताबिक, आरे में स्टेशन बिल्डिंग, शंटिंग ट्रैक,



ओसीसी बिल्डिंग, मेनटिनेंस वर्कशॉप का काम 95 फीसदी हो चुका है। पहले फेज में 9 ट्रेनों की सेवाएं शुरू करने की योजना है, 8 डिब्बों की 9 ट्रेन पहले आरे पहुंच चुकी है। डिपो में ट्रेनों की असेंबलिंग का काम भी करीब-करीब पूरा कर लिया गया है। आरे से बीकेसी के बीच मेट्रो दौड़ाने के लिए पिछले साल से ही ट्रायल रन चल रहा है। हालांकि, अब तक ट्रायल की प्रक्रिया पूरी नहीं हुई है। आरे में 25 हेक्टेयर जमीन पर कारशेड बनाया जा रहा है, जहां 42 मेट्रो ट्रेनों का आसानी से रख-रखाव किया जा सकेगा। कोलाबा-बांद्रा-आरे के बीच 35 किमी लंबा मेट्रो कॉरिडोर का निर्माण किया जा रहा है। अब तक 85 फीसदी से अधिक तक पूरे कॉरिडोर का निर्माण हो चुका है।

मेट्रो-3 के आरे में कारशेड को लेकर शुरू से ही काफी उथल-पुथल रही। इसी चक्कर में काम आगे खिसकता गया। बाद में कारशेड का काम पूरा नहीं होने पाने के चलते ही मेट्रो-3 की सेवाएं शुरू होने में काफी देर हो गई। बार-बार आगे खिसकती डेडलाइन को पूरा करना एमएमआरसी के लिए भी चुनौती बन गया। इसीलिए इस बार सरकार बदलते ही कारशेड के काम को रफ्तार देने की पुरजोर कोशिश हुई। अब जबकि आरे कारशेड का काम लगभग पूरा हो चुका है, तो मेट्रो-3 के पटरी पर दौड़ने की संभावना भी बढ़ जाएगी। इसके अलावा चुनावी साल होने से शासन-प्रशासन भी मेट्रो-3 का काम तेजी से पूरा कर अंडरग्राउंड मेट्रो चलाने की जल्दी में है।

## ईडी के नोटिस पर रोहित पवार का जवाब... बोले- 24 को नहीं, 22 या 23 जनवरी को पूछताछ के लिए बुलाएं



**मुंबई :** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के विधायक रोहित पवार ने शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय से अनुरोध किया कि उन्हें 24 जनवरी को नहीं, बल्कि 22 या 23 जनवरी को पूछताछ के लिए बुलाया जाए। ईडी ने कथित महाराष्ट्र राज्य सहकारी बैंक घोटाला मामले में धन शोधन जांच के तहत राकांपा प्रमुख शरद पवार के पोते और कर्जत-जामखेड से विधायक रोहित पवार (38) को 24 जनवरी को पूछताछ के लिए बुलाया है। महाराष्ट्र राज्य सहकारी बैंक धन शोधन मामला मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा की अगस्त 2019 की प्राथमिकी पर आधारित है।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : शॉप नंबर ४ , मदीना मेंशन, ८९ ए, कैडल रोड, अपोजिट बिल्लाबोंग स्कूल, माहिम पश्चिम, मुंबई ४०००१६ , महाराष्ट्र मोबाइल नं 998777 5650 व्हाट्सप्प नं 7977408589: Email-editor@rokthoklekhaninews.com